Ph. 05949 - 282140
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड
website- www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com

Event: Teacher's Day Celebration
Organized by- Cultural Committee
Date- 05-09-2023

On 5th September 2023, on the occasion of the birth anniversary of the great teacher of the country and former President Dr. Sarvepalli Radhakrishnan, Teachers' Day was celebrated with great enthusiasm in collaboration with the Cultural Council. The program was organized by the students especially in honor of the Principal and teachers.

The program was inaugurated by the principal Prof K K Pande by lighting the lamp in front of goddess Sarasvati. Students and members of student union Prashant Bhatt, Pooja Sharma, Mayank Joshi, Sharad, Sachin, Deepak Kumar , Vishal Singh etc spoke about the greatness of teachers and their importance. On this occasion Jasleen Kaur and Neha narrated poems about teachers day. Students presented pen to their teachers.

The students applied roli , chandan to the principal and all the teachers and took their blessings and presented them pens as gifts. The principal congratulated all the teachers in his address and said that since ancient times in our country the Guru has been considered a deity and the Guru has been given a place higher than even Govind. In the end the cake was cut by teachers and all the students.

-

बाजपुर के स्कूलों में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का शुभारम्भ करती रिवरडेल स्कूल की प्रधानाचार्य परमीन कौर

बाजपुर। बाजपुर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षक दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों को सम्मानित कर उपहार दिये गये। रंगारंग कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ।

रिवरडेल इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस पर संस्था के अध्यक्ष हरमंदर सिंह बरार, सचिव ईंद्रप्रीत सिद्धू, प्रधानाचार्य परमीन कौर, उप प्रधानाचार्य इंद्रजीत कौर तथा मुख्य अध्यापिका नीतू रौतेला ने विद्यालय के शिक्षक समूह की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रदीप परमार, स्मति तलवार, नेहा मलिक, श्वेता सरना, मनप्रीत सोहल, जसारत जहां आदि को सम्मानित किया गया।

सेंट मैरीज स्कूल के प्रबंधकों ने विद्यालय के शिक्षकों के लिए मनमोहक कार्यक्रम का आयोजन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर डॉ. शायनी पॉल ने शिक्षा के उद्देश्य और शिक्षकों की भूमिका पर विस्तार से विचार प्रकट किये। इस अवसर पर शिक्षकों के लिए प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्रों ने गीत, कविताएं, नृत्य, भाषण आदि प्रस्तुत किये।

राजकीय महाविद्यालय बाजपुर में सांस्कृतिक परिषद की सहयोग से शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. कमल किशोर पांडे, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर मयंक जोशी, शरद, सचिन, प्रशांत भट्ट, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष दीपक कुमार, सचिव पूजा शर्मा एवं विशाल सिंह ने शिक्षक दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान छात्रा नेहा, कु. जसलीन कौर, वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. रीता सचान, डॉ. अनिल सैनी, डॉ. मनुहार आर्य, डॉ. बृजेश जोशी, डॉ. विकास रंजन, डॉ. दर्शन पंत, डॉ. संध्या चैरसिया, डॉ. सूरजपाल, डॉ. आदर्श चैधरी, डॉ. जया कांडपाल सहित समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

राधा कृष्ण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाजपुर में शिक्षक दिवस पर वन्दना सत्र में बाल सभा का आयोजन कर भाषण प्रतियोगिता कराई गई। इसमें भैया बहनों ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार रखे। विद्यालय प्रबंध समिति ने आचार्यों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक अशोक कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष राजेश गर्ग, आय व्यय निरीक्षक विजय कुमार मित्तल, संरक्षक हरीश सक्सेना, विद्यालय के आचार्य प्रकाश चंद्र भट्ट, मनोज सिंह, लक्ष्मण सिंह, राजेंद्र प्रसाद, दिनेश कुमार, अरुण शर्मा, सीमा रानी, सीमा सिंह, सुश्री मोनिका, मानसी, बबीता आदि उपस्थित रहे। संचालन विद्यालय के आचार्य सत्येंद्र कुमार वर्मा ने किया।

सेन्ट मेरीज एचएम इन्टर कालेज बाजपुर में भी डा. सर्वपल्ली राधाकृष्ण का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बच्चों ने शिक्षकों के सम्मान में केक काटा। इस दौरान प्रधानाचार्य सि. सोसन, गौरव, राजेश, तुषार, शिवानी, रीतू, रागिनी तथा राजेश कुमार आदि उपस्थित रहें। सर्व इंडिया इंटर कॉलेज रोशनपुर में शिक्षक दिवस पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं और डॉ. संदीप कुमार पांडे (प्रवक्ता समाजशास्त्र) ने केक काटकर शिक्षक दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी। इसके अलावा इंटर कालेज बाजपुर, बीसीएसएफ इंटर कालेज, दशमेश पब्लिक स्कूल, आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, मदर इंडिया, ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल आदि में भी शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया।

उत्तर उजाला : 06-09-2023 P-05